बैंक ऑफ़ इंडिया
रिश्तों की जमापूँजी

बैंक ऑफ़ इंडिया,
जोधपुर IA शाखा जोधपुर अंचल

परिशिष्ट-IV (नियम 8(1)) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्त्ता, बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के सपठित नियम 3 के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में दो अलग-अलग मांग सचूना दोनों की दिनांक 22.05.2026 को जारी की जिसमें ऋणी मैसर्स शिवशक्ति डेयरी प्रोडक्ट्स, प्रोपराईटर- श्री चम्पालाल टाक पुत्र भंवरलाल को उक्त सूचना-पत्र की दिनांक से 60 दिनों के भीतर सूचना-पत्र में उल्लेखित रू. 20,65,291.78 (शब्दों में बीस लाख पैसठ हजार दो सौ इकरानवे एवं अट्ठहत्तर पैसे मात्र) एवं 2.श्री चम्पालाल टाक पुत्र भंवरलाल, श्री नरेश टाक पुत्र चम्पालाल एवं श्री दिनेश टाक पुत्र चम्पालाल टाक को रू. 29,11,014.78 (शब्दों में उन्तीस लाख ग्यारह हजार चौदह एवं एवं अट्ठहत्तर पैसे मात्र) एवं आगे का ब्याज एवं खर्चों की राशि लौटाने के लिये निर्गमित किया।

ऋणी द्वारा राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणी तथा सामान्य जन को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की उपधारा (4) की धारा 13 के सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के तहत् उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक 14 अगस्त, 2026 को निम्नलिखित सम्पत्ति को अपने कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ किया कोई व्यवहार बैंक ऑफ इंडिया के मैसर्स शिव शक्ति डेयरी प्रोडक्ट्स में रु.17,65,291.78 (ऋणी ने 13(2) नोटिस जारी करने के बाद 3,00,000 रु. चुकाए) और गृह ऋण खाते में रु.29,11,014.85 रुपये, कुल राशि रु. 46,76,306.63 (रु. छियालीस लाख छिहत्तर हजार तीन सौ छह एवं तिरेसठ पैसे) एवं आगे ब्याज अन्य खर्चों अध्यधीन होगा। ऋणीयों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के उपबंधों की ओर, आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

श्री चम्पा लाल टाक पुत्र भंवर लाल के नाम से संपत्ति के सभी हिस्से गठित होते है जिसमें पट्टा नंबर 1520, पीपाड़ सिटी, सरकारी डिस्पेंसरी के सामने, रेलवे स्टेशन से खेजरला रोड, जोधपुर में स्थित; क्षेत्रफल:- 616 वर्गफुट; सीमाएँ:- पूर्व- **P/o** बाल किशन, प्रकाश और कुसुम, पश्चिम- गली, उत्तर- रेलवे स्टेशन से खेजरला रोड, दक्षिण में गली

दिनांकः 14.08.2026 स्थानः जोधपुर

प्राधिकृत अधिकारी, (बैंक ऑफ इंडिया)